# संगठन जो मदद कर सकते हैं

सिटी ऑफ़ टोरंटो: 311

---

**फेडरेशन ऑफ मेट्रो टेनेंट्स एसोसिएशन (FMTA)**

टोरंटो में किरायेदारों के अधिकारों और जिम्मेदारियां से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देते हैं।

416-921-9494

hotline@torontotenants.org

---

**कैनेडियन सेंटर फॉर हाउसिंग राइट्स**

ओंटारियो में उन किरायेदारों को निःशुल्क, गोपनीय व्यक्तिगत सेवाएं प्रदान करता है, जो अपने आवास में चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

416-944-0087

cchr@housingrightscanada.com

---

**लीगल एड ओंटारियो**

कम आय वाले किरायेदारों को निःशुल्क कानूनी सलाह प्रदान करता है।

1-800-668-8258

legalaid.on.ca/legal-clinics

---

**सेंटर फॉर इमिग्रंटस ऐंड कम्यूनिटी सर्विसिज़ (CICS)**

टोरंटो में किरायेदारों के अधिकारों और जिम्मेदारियां से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देते हैं।

416-292-7510 एक्सटेंशन 1222

housing.support@cicscanada.com

टेक्स्ट या व्हाट्सएप्प: 647-473-2065

कानूनी सहायता प्रदान करने वाले अतिरिक्त संगठनों के बारे में जानकारी के लिए **toronto.ca/EvictionHelp** पर जाएँ

# मल्टी-टेनेंट (रूमिंग) घरों में किरायेदारों के अधिकार



TORONTO

311 toronto at your service

## किरायेदारों के लिये जानकारी

मल्टी-टेनेंट (रूमिंग) घर ऐसी इमारतें होती हैं, जहां चार या अधिक कमरे अलग-अलग लोगों को किराए पर दिए जाते हैं। किरायेदार रसोईघर और/या शौचालय साझा कर सकते हैं, लेकिन वे एक ही परिवार के रूप में एक साथ नहीं रहते।

**सिटी मकान मालिकों के साथ मिलकर काम करेगा तथा किसी भी मल्टी-टेनेंट मकान को तब तक बंद नहीं करेगा, जब तक कि आग लगने या जीवन सुरक्षा संबंधी गंभीर खतरा न पाया जाए। आग लगने या आपातकालीन निकासी के कारण जिन किरायेदारों को अपना घर छोड़ना पड़ता है, उनके लिए आपातकालीन सामाजिक सेवाएं सहायता प्रदान कर सकती हैं, जिसमें अल्पकालिक आवास और कपड़े और भोजन जैसी आवश्यक वस्तुओं तक पहुंच शामिल है। किरायेदार अधिक जानकारी के लिए 311 काल कर सकते हैं।**

## मल्टी-टेनेंट हाउस में आपके अधिकार

- अधिकांश किरायेदारों को ओन्टारियो के आवासीय किरायेदारी अधिनियम (RTA) द्वारा संरक्षण प्राप्त है। ये कानून मकान मालिकों और किरायेदारों के अधिकारों और दायित्वों को रेखांकित करते हैं। आपका मकान मालिक आधिकारिक निष्कासन नोटिस के बिना आपको बेदखल नहीं कर सकता। इन नोटिसों **का मतलब यह नहीं कि आपको वहां से चले जाना चाहिए**। यदि आपको अपने मकान मालिक से बेदखली नोटिस प्राप्त होता है, तो कानूनी सलाह लें। जब तक आपका मकान मालिक मकान मालिक और किरायेदार बोर्ड (Landlord and Tenant Board (LTB)) के पास बेदखली का आवेदन (order for eviction) दायर नहीं कर देता और एलटीबी आदेश जारी नहीं कर देता, तब तक आपको घर से बाहर जाने की जरूरत नहीं है। .
- यदि आपके मकान मालिक ने आपके खिलाफ बेदखली का आवेदन दायर किया है, तो आप ltb@ontario.ca पर ईमेल भेजकर LTB से इसके बारे में पता कर सकते हैं और अपने तथा अपने अपार्टमेंट के बारे में सभी सूचनाएं ईमेल से भेजने के लिए कह सकते हैं। आप RTA द्वारा संरक्षित हैं, भले ही आपके मल्टी-टेनेंट घर को सिटी से लाइसेंस प्राप्त न हो। **आपका मकान मालिक आपको सिर्फ इसलिए बेदखल नहीं कर सकता क्योंकि घर का लाइसेंस नहीं है।**

अधिकांश मल्टी-टेनेंट मकान किरायेदार RTA के अंतर्गत आते हैं, जो उन्हें बेदखली से सुरक्षा प्रदान कर सकता है। कुछ किरायेदारों को कवर नहीं किया जाता है, उदाहरण के लिए, यदि वे मालिक या उनके निकटतम परिवार के साथ रसोईघर या बाथरूम साझा करते हैं, यदि वे स्कूल छात्रावास में रहते हैं, या कुछ प्रकार की रूममेट स्थितियों में रहते हैं। अपनी कानूनी स्थिति के बारे में प्रश्नों के लिए FMTA किरायेदार हॉटलाइन 416-921-9494 पर कॉल करें।

RTA के बारे में अधिक जानकारी के लिए :
**https://tribunalsontario.ca/ltb/renting-in-ontario/** पर जाएं

## मकान मालिक की जिम्मेदारियां और शिकायत कैसे दर्ज करें

मकान मालिकों की जिम्मेदारी बाथरूम, रसोईघर और हॉलवे सहित सामान्य स्थानों की सफाई और रखरखाव की होती है। मकान मालिक के पास अपशिष्ट और कीट प्रबंधन की योजना भी होनी चाहिए। यदि कीट हैं, तो मकान मालिक को उनके प्रसार को रोकने और उन्हें खत्म करने के लिए पर्याप्त उपाय करने चाहिए।

आपके मकान मालिक को गैर-तत्काल सेवा अनुरोधों का सात दिनों के भीतर तथा अत्यावश्यक सेवा अनुरोधों का 24 घंटों के भीतर जवाब देना होगा। अत्यावश्यक अनुरोधों में शामिल हैं: ईंधन, बिजली, गैस, हीट , ठंडे या गर्म पानी के मुद्दे।

क्या आपको अपने मल्टी-टेनेंट घर के कमरे या साझा क्षेत्र के बारे में कोई शिकायत है? अपने मकान मालिक से बात करें और लिखित में शिकायत दर्ज कराएं।

यदि आपका मकान मालिक कार्रवाई नहीं करता है और समस्या बनी रहती है, तो 311 पर संपर्क करें। आपकी शिकायत 311 पर प्रस्तुत हो जाने पर, नगर कर्मचारी जांच करेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे।

आप toronto.ca/311 पर 311 द्वारा आपको प्रदान की गई संदर्भ संख्या का उपयोग करके अपने अनुरोध की स्थिति की जांच कर सकते हैं।

टोरंटो में मल्टी-टेनेंट घरों के बारे में अधिक जानकारी के लिए,
**toronto.ca/MultiTenantHouses** पर जाएं